दिन– शुक्रवार दिनांक– 09/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

भारतीय सैन्य बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा उत्तरी तथा पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल कर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर तथा अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कई स्थानों और सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया था। हालांकि भारतीय सशस्त्र बलों ने हर पाकिस्तानी हमले को नाकाम कर दिया। इस दौरान जनहानि की कोई सूचना नहीं मिली है। पाकिस्तान से सतवारी, सांबा, जम्मू और कश्मीर के आरएस पुरा तथा अरनिया की तरफ आठ मिसाइलों को भेजा गया। भारतीय हवाई रक्षा इकाइयों ने इन सभी मिसाइलों को चिन्हित कर नष्ट कर दिया। इधर, सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। इस बीच, भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि भारतीय सैन्य कार्रवाई मामले को और बढ़ाने के लिए नहीं की गई है बल्कि पाकिस्तान में केवल आतंकवादियों के बुनियादी ढांचों को ही निशाना बनाया गया है। भारत ने जोर देकर यह भी कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला वास्तव में आतंकवाद है और भारत केवल इसका जवाब दे रहा है।

---

आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद से भारत के दृष्टिकोण को लगातार अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भरपूर समर्थन मिल रहा है। अमरीका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, इजरायल, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई अन्य देशों ने भारत को अपना समर्थन दिया है। यूरोपीय संघ और इसके सभी सत्ताईस सदस्य देशों ने एक स्वर में सशक्त बयान जारी किया है। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के अपने संप्रभु अधिकार की पुष्टि की है। साथ ही संयम तथा कूटनीतिक तरीके से आगे बढ़ने का आग्रह किया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने भी कहा है कि भारत के पास अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का उचित कारण है। रूस ने दोनों पक्षों से

संयम बरतने का आह्वान करते हुए यह स्पष्ट किया कि वह सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा करता है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग नहीं करने को कहा है। रक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ऐसी संवेदनशील जानकारी और सूत्र आधारित सूचना, अभियान की प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है। मंत्रालय ने सभी हितधारकों से राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतने का आग्रह किया है।

———————————————————————

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कहा है कि सभी एटीएम, धनराशि जमा करने की मशीनें, स्वचालित नकदी जमा और धन निकासी की मशीनें तथा सभी डिजिटल सेवाएं पूर्ण रूप से संचालित हो रही हैं और आम जनता के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हैं। एक परामर्श में बैंकों ने ग्राहकों से किसी भी अनधिकृत सूचना पर भरोसा नहीं करने की सलाह जारी की है। बैंकों ने उपभोक्ताओं से किसी भी शंका के निवारण के लिए अपनी नजदीकी शाखा में जाने और बैंकों के टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क करने का आग्रह किया है।

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस और एसएसबी के जवान मधुबनी, सीतामढी, सुपौल, अररिया, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण आदि सीमावर्ती जिलों में लगातार निगरानी कर रहे हैं। सीमा पार आने–जाने वाले लोगों की कई स्तरों पर जांच की जा रही है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पूर्णिया में सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।